तापमान

भोपाल	27.7°	8.8°
इंदौर	29.5°	12.2°
जबलपुर	28.2°	10.0°
ग्वालियर	23.6°	8.6°

दैनिक
नईदुनिया

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 78
(भोपाल: वर्ष 40 अंक 23,पृष्ठ 12)
शनिवार 21 दिसम्बर 2024
राजधानी संस्करण
कीमतः 3:00 रुपये

राजधानी... समाज की आवश्यकताओं की पूर्ति के...

खेल... पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप 2025 की मेजबानी...

व्यापार... जैसलमेर में जीएसटी परिषद की 55वीं बैठक...

देश-विदेश... वांशिगटन और दमिश्क के संबंधों में बदलाव...

www.naiduniaonline.com

संसद अनिश्चितकाल के लिए स्थगित...

एक राष्ट्र-एक चुनाव विधेयक संयुक्त समिति को भेजा

नईदिल्ली(एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की बीआर अंबेडकर पर टिप्पणी सहित विभिन्न मुद्दों पर विपक्षी सांसदों के विरोध प्रदर्शन के बाद शुक्रवार को संसद के दोनों सदनों को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया। स्थगित होने से पहले, शुक्रवार को लोकसभा ने एक राष्ट्र, एक चुनाव संबंधी दो विधेयकों को संसद की संयुक्त समिति को भेज दिया।

संयुक्त संसदीय समिति के सदस्यों के रूप में 12 राज्यसभा सांसदों में घनश्याम तिवारी, भुवनेश्वर कलिता, के लक्ष्मण, कविता पाटीदार, संजय कुमार झा, रणदीप सिंह सुरजेवाला, मुकुल बालकृष्ण वासनिक, साकेत गोखले, पी विल्सन, संजय सिंह, मानस रंजन शामिल होंगे। इस सप्ताह के प्रारम्भ में लोकसभा के 27 सदस्यों को जेपीसी में नामित किया गया था। समिति अगले सत्र के अंतिम सप्ताह के पहले दिन तक अपनी रिपोर्ट लोक सभा को सौंप देगी। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सदस्यों ने अंबेडकर की प्रशंसा में नारे लगाए और अमित शाह की आलोचना की।

प्रश्नकाल शुरू करने के बजाय, अध्यक्ष ओम बिरला ने कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से संविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024 और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 को संसद की संयुक्त समिति को भेजने का प्रस्ताव पेश करने को कहा, जिसमें लोकसभा से 27 सदस्य और राज्यसभा से 12 सदस्य शामिल हैं। शोरगुल के बीच प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। जब विरोध प्रदर्शन जारी रहा तो अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी। सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले ही कांग्रेस सदस्यों ने जय भीम, जय जय भीमके नारे लगाये। विपक्ष की नारेबाजी के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकसभा कक्ष में प्रवेश कर गए। जैसे ही मेघवाल ने प्रस्ताव पेश किया, मणिकम टैगोर के नेतृत्व में कांग्रेस सदस्य नारेबाजी करते हुए आसन के समक्ष आ गए। संसद सत्र के अंत में परंपरा के अनुसार वंदे मातरम गाया गया , लेकिन विपक्षी सदस्य आसन के समक्ष ही बैठे रहे । तृणमूल कांग्रेस को छोड़कर डीएमके और एनसीपी सहित अधिकांश विपक्षी दलों के सदस्य अपनी सीटों से उठकर विरोध प्रदर्शन में (शेष पेज 2 पर)

संसद में हाथापाई को लेकर हंगामा, मप्र विधानसभा अनिश्चित काल के लिए स्थगित

भोपाल(काप्र)। डॉ. भीमराव आंबेडकर को लेकर संसद में विपक्ष और एनडीए सांसदों के बीच टकराव को लेकर बीजेपी और कांग्रेस सदस्यों के बीच हुए हंगामे के बाद शुक्रवार को मध्य प्रदेश विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई। शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन सूचीबद्ध कार्य के बाद सदन की कार्यवाही बिना पारंपरिक राष्ट्रगान के स्थगित कर दी गई। वरिष्ठ भाजपा विधायक और पूर्व अध्यक्ष सीताशरण शर्मा ने संसद परिसर में हाथापाई के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के अनुचित व्यवहार का मुद्दा उठाया, जिसके बाद कांग्रेस और भाजपा दोनों के विधायकों ने हंगामा किया। कांग्रेस सदस्यों ने भाजपा विधायकों से जय भीम के नारे लगाने को कहा और डॉ. आंबेडकर का कथित रूप से अपमान करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग की और नीला दुपट्टा पहनकर सदन के वेल में पहुंच गए। बीजेपी सदस्यों ने लोकसभा में गांधी के व्यवहार की निंदा की और वे भी वेल में पहुंच गए। शोरगुल के बीच अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने पारंपरिक राष्ट्रगान के बिना सदन की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी। पत्रकारों से बात करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस विधायक भंवर सिंह शेखावत ने दावा किया कि विधानसभा के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि सदन को राष्ट्रगान के बिना अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया, क्योंकि बीजेपी को संविधान का कोई सम्मान नहीं है। विपक्ष के उपनेता हेमंत कटारे ने कहा कि यह विधानसभा सचिवालय की गलती थी कि सदन को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया।

अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की

आतंक के खात्मे के लिए सुरक्षा बलों व पुलिस को निर्देश

नईदिल्ली(एजेंसी)। गृह मंत्रालय में एक उच्चस्तरीय बैठक के दौरान गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि आतंकवाद के प्रति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति के अनुरूप हम जल्द से जल्द आतंकवाद मुक्त जम्मू-कश्मीर के लक्ष्य को हासिल करेंगे।

मंत्रालय के एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि शाह ने आश्वासन दिया कि इस अभियान का समर्थन करने के लिए सभी आवश्यक संसाधन आवंटित किए जाएंगे। गृह मंत्री ने केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला और इस बात पर जोर दिया कि सभी सुरक्षाबलों के संयुक्त प्रयासों से जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को खत्म करने का दृढ़ संकल्प लिया गया है। उन्होंने विधानसभा और लोकसभा दोनों चुनावों में स्थानीय लोगों की उल्लेखनीय भागीदारी को लोकतंत्र में उनके विश्वास का प्रमाण बताया। हम आपको बता दें कि हाल में हुए जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के बाद केंद्र शासित प्रदेश में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए शाह की यह पहली बैठक थी। सितंबर-अक्टूबर में हुए विधानसभा चुनाव में उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व में नेशनल कॉन्फ्रेंस की सरकार बनी है। बैठक में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के अलावा सेना, अर्धसैनिक बलों, जम्मू-कश्मीर प्रशासन, खुफिया एजेंसियों और गृह मंत्रालय के शीर्ष अधिकारी शामिल हुए। इस बीच, जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और राज्य का दर्जा जल्द बहाल करने तथा आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में निर्वाचित सरकार को शामिल करने सहित विभिन्न प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की। उमर ने 16 अक्टूबर को केंद्र शासित प्रदेश के मुख्यमंत्री का पदभार संभालने के बाद दूसरी बार शाह से मुलाकात की।

एसएसबी के स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए शाह

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के 61वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए और इंटीग्रेटेड चैक पोस्ट अगरतला व पेट्रापोल में नवनिर्मित आवासीय परिसर का ई-लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर खूफिया ब्यूरो के निदेशक तपन डेका, केन्द्रीय गृह मंत्रालय में सचिव सीमा प्रबंधन राजेन्द्र कुमार और सशस्त्र सीमा बल के महानिदेशक अमृत मोहन प्रसाद सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

खास-खबरें

मोदी आज से कुवैत की यात्रा पर

नईदिल्ली(एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को दो दिन की यात्रा पर कुवैत जा रहे हैं जो किसी भारतीय प्रधानमंत्री की इस खाड़ी देश की यात्रा 43 साल के अंतराल के बाद हो रही है। विदेश मंत्रालय में सचिव (सीपीवी एवं ओआईए) अरुण कुमार चटर्जी ने आज यहां संवाददाताओं को बताया कि श्री मोदी कुवैत के अमीर शेख मिशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा के निमंत्रण पर शनिवार को कुवैत की यात्रा पर जा रहे हैं। उनकी वहां कुवैत के अमीर शेख मिशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा से मुलाकात करेंगे तथा शाहज़ादा एवं प्रधानमंत्री शेख सबा अल-खालिद अल-हमद अल-सबा के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे।

राहुल के खिलाफ झूठी प्राथमिकी : प्रियंका

नईदिल्ली(एजेंसी)। कांग्रेस महासचिव एवं पार्टी की लोकसभा सदस्य प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि मोदी सरकार में हताशा बहुत बढ़ गई है और इसीलिए उनके भाई राहुल गांधी के खिलाफ झूठी प्राथमिकी दर्ज की गई है। श्रीमती वाड्रा ने यहां संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि मोदी सरकार बहुत हताश हो चुकी है और इसी का परिणाम है कि श्री गांधी के खिलाफ झूठी प्राथमिकी दर्ज कर ध्यान भटकाना चाहती है लेकिन देश की जनता सबकुछ समझती है।

बजट सत्र से पहले राहुल समेत विपक्षी नेताओं से मिलेंगे रिजिजू

नईदिल्ली(एजेंसी)। संसद का शीतकालीन सत्र शुक्रवार को संपन्न हो गया और इस दौरान हंगामे के कारण दोनों सदनों में कामकाज सुचारू ढंग से नहीं चल पाया तथा लोकसभा एवं राज्यसभा की उत्पादकता क्रमशः केवल 57.87 प्रतिशत और 40.03 प्रतिशत रही।

संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजिजू, संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल एवं डॉ. एल मुरुगन ने संसद भवन परिसर में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि संसद में विपक्षी सदस्यों के हंगामे एवं अमर्यादित व्यवहार के कारण संसद की गरिमा एवं संसद के कामकाज पर असर पड़ा है। उन्होंने कहा, विपक्ष द्वारा किए गए हंगामे के कारण संसद की उत्पादकता कम हुई। हमने संसद को चलाने के लिए बहुत प्रयास किए। मैं उम्मीद करता हूं और विपक्ष से अनुरोध भी करता हूं कि वे संसद के बजट सत्र में इस तरह का हंगामा न करें। श्री रिजिजू ने शीतकालीन सत्र के कामकाज का विवरण देते हुए कहा कि 2024 के शीतकालीन सत्र में लोकसभा में 20 एवं राज्यसभा में 19 बैठकें (शेष पेज 2 पर)

रक्षा प्रबंधन क्षमता में वृद्धि से रक्षा निर्यात में बढ़ोतरी होगीः मुर्मु

हैदराबाद(एजेंसी)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को कहा कि भारत की रक्षा प्रबंधन क्षमता में वृद्धि से कूटनीतिक और सैन्य साझेदारी मजबूत होगी तथा रक्षा निर्यात में बढ़ोतरी होगी। सुश्री मुर्मु ने सिकंदराबाद में कॉलेज ऑफ डिफेंस मैनेजमेंट (सीडीएम) में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इससे भारत को वैश्विक सुरक्षा मंचों पर सक्रिय रुख बनाए रखने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने जोर दिया कि भारतीय रक्षा क्षेत्र में वरिष्ठ रणनीतिक नेतृत्व वैश्विक सुरक्षा खतरों का सक्रियता से जवाब देते हुए भारत को अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

जंगल में खड़ी कार से मिला 52 किलो सोना, 10 करोड़ नगद

भोपाल (काप्र)। राजधानी में आयकर विभाग ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। यहां आईटी की रेड में 52 किलो सोना और 9.86 करोड़ रुपए कैश बरामद किए गए। यह रकम जंगल में खड़ी एक कार से बरामद हुई है। इतनी बड़ी मात्रा में सोना और कैश देख आयकर विभाग के अफसर भी दंग रह गए। फिलहाल इस पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। यह छापेमारी भोपाल के पास स्थित मेंडोरी के जंगलों में एक कार पर की गई। इस दौरान कार से भारी मात्रा में सोना और नकदी मिली। भ्रष्टाचार और गैरकानूनी गतिविधियों पर लगाम कसने के लिए सख्ती बरती जा रही है। इसी को लेकर आयकर विभाग की टीम ने छापेमारी कर कार्रवाई (शेष पेज 2 पर)

गैस टैंकर हादसे में 11 लोगों की मौत, करीब 40 घायल

जयपुर(एजेंसी)। राजस्थान की राजधानी जयपुर में अजमेर-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार सुबह एक गैस टैंकर में आग लगने के बाद उसके फैल जाने से 11 लोगों की मौत हो गई और करीब 40 लोग घायल हो गये। अजमेर रोड स्थित भांकरोटा के पास एक पेट्रोल पंप के समीप एक एलपीजी गैस से भरे टैंकर से अन्य वाहन के टकराने के बाद आग लग गई। इस दौरान आस पास के कई वाहन भी आग की चपेट में आ गये। मौके पर अफरातफरी मच गई और क्षेत्र में दहशत फैल गई। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार हादसे में पांच लोगों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई तथा झुलसे लोगों को इलाज के लिए सवाई मानसिंह अस्पताल में लाया गया जहां पांच और ने और दम तोड़ दिया। इसी तरह एक घायल ने जयपुरिया अस्पताल में दम तोड़ दिया। हादसे के गंभीर रुप से झुलसे एवं अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती करीब एक दर्जन लोग 50 प्रतिशत से अधिक झुलसे हुए हैं और वे गंभीर रुप से घायल है।

सनातन धर्म सुरक्षित तो दुनिया सुरक्षितः योगी

अयोध्या(एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि वसुधैव कुटुंबकम् का आवाहन करने वाले सनातन धर्म की सुरक्षा में पूरी दुनिया की सुरक्षा निहित है। श्री योगी ने रामनगरी अयोध्या के अशर्फी भवन आश्रम में आयोजित भव्य अष्टोत्तरशत 108 श्रीमद्भागवत पाठ और पंच नारायण महायज्ञ में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रदेशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए आहुतियां अर्पित की।

पूर्व मुख्यमंत्री चौटाला का निधन

चंडीगढ़(एजेंसी)। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री इंडियन नेशनल लोकदल नेता ओम प्रकाश चौटाला का गुरुग्राम में शुक्रवार को हृदयाघात से निधन हो गया। श्री चौटाला 89 वर्ष के थे। वह पूर्व उप-प्रधानमंत्री देवी लाल के पुत्र थे और उनके परिवार में दो पुत्र अभय सिंह चौटाला और अजय सिंह चौटाला और तीन पुत्रियाँ हैं।

प्रधानमंत्री ने दुख व्यक्त किया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हरियाणा के पूर्व मुख्य ओम प्रकाश चौटाला के निधन पर दुख व्यक्त किया है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक संदेश में कहा, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला जी के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। प्रदेश की राजनीति में वे वर्षों तक सक्रिय रहे और चौधरी देवीलाल जी के कार्यों को आगे बढ़ाने का निरंतर प्रयास किया। शोक की इस घड़ी में उनके परिजनों और समर्थकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं।

स्पेशल खबर *राम मंदिर बना देने से कोई हिंदुओं का नेता नहीं बन गया...*

नए मंदिर-मस्जिद विवादों को उभारना गलतः भागवत

नईदिल्ली(एजेंसी)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने कई मंदिर-मस्जिद विवादों के फिर से उठने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के बाद कुछ लोगों को ऐसा लग रहा है कि वे ऐसे मुद्दों को उठाकर हिंदुओं के नेता बन सकते हैं।

भागवत ने साथ ही नये विवादों के उठने पर भी नाराजगी जताई है। हालांकि भागवत ने अपने व्याख्यान में किसी का नाम नहीं लिया। भागवत के बयान पर जहां हिंदू संतों ने सधी हुई प्रतिक्रिया जताते हुए कहा है कि इसे पूरे परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए वहीं मुस्लिम धर्मगुरुओं ने भागवत के बयान का स्वागत किया है। मोहन भागवत पहले भी कह चुके हैं कि हर मस्जिद के नीचे शिवलिंग ढूंढ़ना सही नहीं है। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने सहजीवन व्याख्यानमाला में 'भारत-



विश्वगुरु' विषय पर व्याख्यान दिया, जिसमें उन्होंने समावेशी समाज की वकालत की और कहा कि दुनिया को यह दिखाने की जरूरत है कि देश सद्भावना के साथ एक साथ रह सकता है। भारतीय समाज की बहुलता को रेखांकित करते हुए संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि रामकृष्ण मिशन में क्रिसमस मनाया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि केवल हम ही ऐसा कर सकते हैं क्योंकि हम हिंदू हैं। उन्होंने कहा, हम लंबे समय से सद्भावना से रह रहे हैं। अगर हम दुनिया को यह सद्भावना प्रदान करना चाहते हैं, तो हमें इसका एक मॉडल बनाने की जरूरत है। राम मंदिर के निर्माण के बाद, कुछ लोगों को लगता है कि वे नयी जगहों पर इसी तरह के मुद्दों को उठाकर हिंदुओं के नेता बन सकते हैं। यह स्वीकार्य नहीं है। मोहन भागवत ने कहा कि राम मंदिर का निर्माण इसलिए किया गया क्योंकि यह सभी हिंदुओं की आस्था का विषय था। उन्होंने किसी विशेष स्थल का उल्लेख किए बिना कहा, हर दिन एक नया मामला (विवाद) उठाया जा रहा है। इसकी अनुमति कैसे दी जा (शेष पेज 2 पर)